एकनाथ महाराज—परिचय

एकनाथ महाराज [लगभग १५३३-९९] भक्ति परम्परा के एक विद्वान व सन्त-कवि थे। वे भारत के महाराष्ट्र राज्य में पैठण नामक गाँव में अपने परिवार के साथ रहते थे। उन्होंने हिन्दी व मराठी भाषा में चार हज़ार से भी अधिक भक्तिगीतों की रचना की। एकनाथ महाराज ने भारत के कुछ महान शास्त्रों पर टीकाएँ भी लिखीं, तथा इन शास्त्रों का संस्कृत से मराठी में अनुवाद किया। एकनाथ महाराज ने जनसाधारण की स्थानीय भाषा में अनेक कृतियों की रचना की जिससे श्रेष्ठतम सिखावनियाँ महाराष्ट्र के समस्त लोगों के लिए सहज-सुलभ हो गईं। एकनाथ महाराज के श्रीगुरु, जनार्दन स्वामी ने ही उन्हें यह अदेश दिया कि सभी लोगों के उत्थान हेतु एकनाथ महाराज सभी को उपदेश दें।

© २०२१ एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।